आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ 23(80)/लेखा/आकाशि/छा. स्कू.ऑनलाईन/2022–23/6120 दिनांक 02-05-2023

बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना वर्ष 2022–23 हेतु छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन

राजस्थान स्थित कोटा खुला विश्वविद्यालय/इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय में अध्ययनरत (open and Distance learning) छात्राओं से निम्नलिखित योजना में विभागीय वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30.04.2023 है जिसमें निम्नानुसार दिनांक–31.05.2023 तक अभिवृद्धि की जाती है –

क्र. स.	योजना का नाम	वर्ष	पोर्टल प्रारम्भ तिथि	पोर्टल बन्द की अंतिम तिथि
1.	बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना	2022–23	02.12.2022	31.05.2023

योजना से संबंधित नियम, दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ के Home Page पर Online Scholarship पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबधित छात्रा /अभिभावक योजनाओं से संबधित दिशा–निर्देश, नियम एवं संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की भली भाँति अध्ययन कर ही आवेदन करें। आवेदन करने हेतु विद्यार्थी के पास जन आधार कार्ड होना आवश्यक है एवं उसमें भरी हुई सूचनाएँ यथा जाति, मूल–निवास, बैंक डिटेल आदि अपडेट होनी चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ द्वारा एसएसओ आईडी से login कर Citizen App-G2C के "Scholarship (CE,TAD,Minority)" Icon पर क्लिक कर किया जा सकता है।

जिन विद्यार्थियों को उनके विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। वे अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन की कार्यवाही करावें।

जिन विश्वविद्यालयों द्वारा अभी तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन नहीं किया है, वे शीघ्र उक्त कार्यवाही करें। इसके अभाव में विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत (open and Distance learning) छात्राऐं ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित विश्वविद्यालय की होगी।

लेखाधिकारी
नोडल अधिकारी(छात्रवृति)
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Man Singh Meena
Designation : Accounts Officer
Date: 2023.05.02 12:17:16 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3755250